08 मई 2023 को 48वें राज्य प्रबंधन समिति की बैठक के लिए

माननीय राज्यपाल की बातों के बिंदु

1. आज मेरे लिए यह अनूठा अवसर है कि मैं राज्य प्रबंधन समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहा हूँ, जो पूर्व सैनिकों, युद्ध में देश के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर जवानों की विधवाओं, युद्ध नायकों, दिव्यांग सैनिकों और उनके कल्याण और पुनर्वास से संबंधित है। आगे बढ़ने से पहले मैं उन सभी सशस्त्रबलों के कार्मिकों को श्रद्धासुमन अर्पित करता हूँ, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। मैं देश की क्षेत्रीय अखण्डता को प्रभावी ढंग से सुरक्षित रखने के लिए रक्षा सेवा के पूर्व सैनिकों व सेवारत कार्मिकों के प्रति भी कृतज्ञता प्रकट करता हूँ। मैं यहां मौजूद सभी लोगों को आश्वाशन देता हूँ कि सरकार राज्य के पूर्व सैनिकों के विकास और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।
2. सैनिक कल्याण निदेशालय, असम 39,988 से अधिक पूर्व सैनिकों, 8794 सैनिकों की विधवाओं और दोगुने से ज्यादा उनके आश्रितों की समस्याओं के निवारण, कल्याण और पुनर्वास के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रहा है।
3. यह जानकर प्रसन्नता हुई कि सेना अपने संसाधनों से पूर्व सैनिकों के कल्याण में योगदान दे रही है।
4. सेवानिवृत्त रक्षा अधिकारियों द्वारा दी गई सेवा को ध्यान में रखते हुए यह हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी है कि हम पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की देखभाल करें। इसलिए सैनिक कल्याण निदेशालय, असम को भूतपूर्व सैनिक समुदाय को अपना महत्वपूर्ण सहयोग देना जारी रखना चाहिए। मैं निदेशालय को भविष्य की प्रभावी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूँ।
   जय हिन्द